**PRINT**

# दैनिक जागरण

| National News Paper | Edition: (Ranchi) Jharkhand | Circulation: 47896 |
|---|---|---|
| Date: 22.07.2026 | Page No -- | Serial No.: |

# ईसीएल के छह क्षेत्रों से 69 टन कोयला जब्त, तस्कर फरार

- सीआइएसएफ के साथ ईसीएल सुरक्षा विभाग ने की छापामारी
- एक ट्रैक्टर ट्राली भी जब्त, कोयला माफियाओं में हड़कंप

संस, जागरण, गलफरबाड़ी : भारत सरकार की 'जीरो कोल लीकेज' नीति के प्रभावी क्रियान्वयन के तहत शीतलपुर सीआइएसएफ व ईसीएल सुरक्षा विभाग की टीम ने अवैध कोयला खनन व परिवहन के विरुद्ध विशेष अभियान चलाकर बीते 24 घंटे में 69.200 मीट्रिक टन कोयला व एक ट्रैक्टर ट्राली जब्त किया है। टीम ने गुप्त सूचना पर मुगमा, मोहनपुर, चित्रा, राजमहल, कुनुस्तोरिया तथा सोनपुर बाजारी क्षेत्रों में एक साथ अभियान चलाया। कार्रवाई के दौरान मुगमा से 42.290 मीट्रिक टन, राजमहल से 11.840, मोहनपुर से 9.540, चित्रा से 3.280, सोनपुर बाजारी से 1.200 व कुनुस्तोरिया क्षेत्र से 1.050 मीट्रिक टन कोयला बरामद किया। कोयला ईसीएल प्रबंधन को सौंप दिया गया। कमांडेंट राहुल सिंह गौतम के नेतृत्व में सीआइएसएफ यूनिट ईसीएल शीतलपुर ने 'जीरो कोल लीकेज' अभियान के तहत अवैध कोयला कारोबार के विरुद्ध लगातार कड़ा प्रहार कर रहा है।

## सीआइएसएफ ने दो दिनों में जब्त किया 114 टन कोयला

संस, जागरण, निरसा : सीआइएसफ एवं ईसीएल सुरक्षा विभाग की टीम ने रविवार को बिरसिंहपुर में लगभग 65 टन व सोमवार को राजा कोलियरी ओसीपी के समीप छापेमारी कर लगभग 49 टन कोयला जब्त किया। छापेमारी का नेतृत्व सीआइएसएफ के कमांडेंट राहुल सिंह गौतम कर रहे थे। उन्हें गुप्त सूचना मिली थी कि राजा कोलियरी ओसीपी के आसपास भारी मात्रा में कोयला रखा गया है। रात में कोयला ट्रैक्टर, पिकअप वैन, मोटरसाइकिल एवं स्कूटर के माध्यम से क्षेत्र में संचालित कोयला भट्ठों में खपाया जाएगा। टीम गठित कर छापेमारी की गई तो भारी मात्रा में कोयला जब्त किया गया। कोयला ईसीएल को सौंप दिया गया।